श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 87, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार, 2 नवम्बर, 2020 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## बहराइच-गोंडा हाईवे पर खड़े ट्रक में जा घुसी गाड़ी, हादसे में 6 की मौत-10 गंभीर

**ड्राइवर को झपकी आने की वजह से गाड़ी सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। घायल जायरीनों ने एंबुलेंस सेवा पर गंभीर आरोप लगाए हैं**

**बहराइच-गोंडा हाईवे पर शिवदहा मोड़ के पास हुआ हादसा**



**बहराइच, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश के बहराइच-गोंडा हाईवे पर सोमवार तड़के जायरीनों से भरी वैन भीषण हादसे का शिकार हुई। खड़े ट्रक में वैन के टकराने से छह जायरीनों की मौत हो गई, जबकि 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा। घायलों में पांच की हालत गंभीर बनी है। सभी मृतक व घायल लखीमपुर जिले के रहने वाले है।

एसपी विपिन कुमार मिश्र ने बताया कि लखीमपुर जिले के सिंगाही थाना क्षेत्र के पश्चिम चमरौधा वार्ड नंबर दो निवासी चांद खान (51), सलमा (50), निशा तबस्सुम (20), नयापुरवा उमरा निवासी इश्तिखार (45), शरीफ परवाज (15), शकील (8), सायना(17), सूफिया परवीन(4), नूरजहां (40), सोहन (50), सलीम ( 60), गुलनाज ( 60), नौशीन (10), तरन्नुम ( 17) समेत दो अन्य महिंद्रा सुपर वैन (वढ31अळ3437)में सवार होकर अंबेडकरनगर के किछौछा में जियारत करने गए थे। जियारत के बाद सभी वापस घर जा रहे थे। बहराइच-गोंडा हाइवे पर जाते समय पयागपुर थाना क्षेत्र के शिवदहा मोड़ के पास चालक को झपकी आ गई और तेज रफ्तार वाहन सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

जानकारी पाकर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने वाहन में फंसे घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और सभी को तत्काल सीएचसी पयागपुर पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने चांद खान, शकील, सोहन, सलीम व दो अन्य समेत छह लोगों को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पांच लोगों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। एसपी ने बताया कि लखीमपुर जिले के एसपी से वार्ता कर घटना की जानकारी मृतक व घायलों के परिवारजन को दे दी गई है।

मृतकों के नाम- चांद खान (51) पुत्र जहूर खान निवासी पश्चिम चमरौधा वार्ड नं0 02 सिंगाही कला जनपद, लखीमपुर खीरी, शकील (8 वर्ष) पुत्र इस्तिखार अहमद निवासी नयापुरवा उमरा थाना सिंगाही जनपद, लखीमपुर खीरी, 50 वर्षीय महिला पत्नी सोहन निवासी बेलराया थाना तिकोनिया जनपद, लखीमपुर खीरी, सोहन (50) पुत्र दुरवा निवासी बेलराया थाना तिकोनिया जनपद, लखीमपुर खीरी, सलीम (60)पुत्र नूरअली निवासी रिंगारीपुरवा दा.बेलराया थाना तिकोनिया जनपद, लखीमपुर खीरी, ड्राइवर अज्ञात। ये हुए घायल- सलमा बेगम (50) पत्नी चांद खान निवासी सिंगाहीकला जनपद, लखीमपुर खीरी, निशा तबस्सुम (20) पुत्री चांद खान निवासी सिंगाहीकला जनपद, लखीमपुर खीरी, इस्तिखार अहमद (45) पुत्र याकूब अहमद निवासी नयापुरवा उमरा थाना सिंगाही जनपद, लखीमपुर खीरी, शरीफ परवाज(15) पुत्र इस्तिखार अहमद निवासी नयापुरवा उमरा थाना सिंगाही जनपद लखीमपुर खीरी, साइना (17) पुत्री इस्तिखार अहमद निवासी नयापुरवा उमरा थाना सिंगाही जनपद लखीमपुर खीरी, सुफिया परवीन (04) पुत्री इस्तिखार अहमद निवासी नयापुरवा उमरा थाना सिंगाही जनपद लखीमपुर खीरी, नूरजहां (40) पत्नी इस्तिखार अहमद निवासी नयापुरवा उमरा थाना सिंगाही जनपद लखीमपुर खीरी, गुलनाज (60) पत्नी सलीम निवासी रिंगारीपुरवा दा0 बेलराया थाना तिकोनिया जनपद लखीमपुर खीरी, नौसीन (10) पुत्री सलीम निवासी रिंगारीपुरवा दा0 बेलराया थाना तिकोनिया जनपद लखीमपुर खीरी, तरन्नुम (17) पुत्री सलीम निवासी रिंगारीपुरवा दा0 बेलराया थाना तिकोनिया जनपद लखीमपुर खीरी।



## मध्य प्रदेश में चुनावी खर्च के आंकड़े जारी

**कांग्रेस की तुलना में भाजपा उम्मीदवार आगे प्रचार में पैसा खर्च करने के मामले में इमरती देवी आगे**



**ग्वालियर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश उपचुनाव में प्रचार के दौरान खर्च करने में कांग्रेस की तुलना में भाजपा उम्मीदवार आगे चल रहे हैं। शनिवार तक महिला बाल विकास मंत्री इमरती देवी ने सबसे ज्यादा पैसा खर्च किया है। सबसे कम उन्हें चुनौती दे रहे कांग्रेस के सुरेश राजे ने। कांग्रेस उम्मीदवार सुनील शर्मा भी खर्च में पीछे दिख रहे हैं। प्रशासन ने चुनाव प्रचार के दौरान किए खर्च की राशि की गणना कर आंकड़े जारी किए हैं।

19 अक्टूबर को नाम वापसी के बाद शाम 5 बजे तीनों विधानसभा सीटों पर 35 उम्मीदवारों के मैदान में रहने की घोषणा कर दी थी। इसके बाद प्रशासन ने चुनाव प्रचार में किए जा रहे खर्च पर भी निगरानी शुरू कर दी। 35 उम्मीदवारों को प्रशासन ने नोटिस जारी कर अब तक किए खर्च की प्रविष्टियां मांगी थी। 35 में से 31 उम्मीदवारों ने जानकारी पेश कर दी। संयुक्त संचालक व कोष एवं लेखा ने खर्च की गणना की। इसमे मुताबिक भाजपा के उम्मीदवार पैसा खर्च करने में आगे हैं तो कांग्रेस के उम्मीदवार पीछे।

शिवराज सरकार में मंत्री और ग्वालियर के डबरा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी इमरती देवी चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज प्रचार नहीं कर पाएंगी। चुनाव आयोग ने आचार संहिता उल्लंघन के मामले में उन पर एक दिन के लिए रैली, सभा, रोड शो और साक्षात्कार पर प्रतिबंध लगाया है। दरअसल, चुनाव आयोग उनके जवाब से संतुष्ट नहीं हुआ। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में शिकायत की थी कि इमरती देवी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ और उनके परिवार के प्रति अपशब्दों का उपयोग कर रही हैं।

## बाहर खाना और सामान खरीदना हवाई यात्रा से अधिक खतरनाक



**नई दिल्ली, प्रेट्र।** हाल ही में हुए एक अध्ययन में दावा किया गया है कि कोविड-19 महामारी के दौरान बाहर भोजन करना और किराने का सामान खरीदना हवाई यात्रा से अधिक खतरनाक हो सकता है। हालांकि, कुछ विज्ञानियों का कहना है कि इस तरह की तुलना इन बातों की जानकारी के बिना नहीं की जा सकती कि क्या मास्क पहनने और शारीरिक दूरी बनाए रखने संबंधी मानदंडों का ठीक से पालन किया जाता है।

शोध में कहा गया है कि उच्च दक्षता वाले पार्टिकुलेट एयर (एचईपीए) फिल्टरों से वेंटिलेशन प्रणाली के जरिये विमानों में स्वच्छ हवा की आपूर्ति की जाती है। यह 99 फीसद से अधिक उन कणों को छानती है, जो कोविड-19 का कारण बन सकते हैं। इस शोध को अमेरिका में हार्वर्ड टीएच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के विज्ञानियों, एयरलाइंस, हवाई अड्डों और विमान निमार्ताओं द्वारा वित्त पोषित किया गया है। हालांकि, अमेरिका के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआइटी) के अर्नोल्ड आइ बार्नेट सहित शोधकताओं ने कहा कि एचईपीए फिल्टर विमानों में प्रभावी ढंग से काम नहीं कर सकते हैं जैसा कि रिपोर्ट से पता चलता है। स्वास्थ्य और सुरक्षा की समस्याओं पर केंद्रित सांख्यिकी के प्रोफेसर बार्नेट ने बताया, एचईपीए फिल्टर बहुत अच्छे हैं, लेकिन अमेरिकी एयरलाइनों के सुझाव के अनुसार प्रभावी नहीं हैं। वे पूरी तरह से सुरक्षित नहीं हैं और इन फिल्टरों के बावजूद संक्रमण के कई उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के लिए किसी भी प्रक्रिया को पूरी तरह से सक्षम नहीं समझा जा सकता है।

## पांच इनामी समेत 27 नक्सलियों का आत्मसमर्पण, घर वापसी अभियान हो रहा सफल



**नईदुनिया, दंतेवाड़ा।** जिले में चल रहे पुलिस के लोन वरार्टू (घर वापस आइए) अभियान से प्रेरित होकर रविवार को बारसूर थाने में 27 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। हालांकि कोई भी नक्सली हथियार लेकर नहीं आया। आत्मसमर्पण करने वालों में पांच नक्सली एक-एक लाख रुपये के इनामी हैं।

दंतेवाड़ा पुलिस की लोन वरार्टू (घर वापसी) अभियान को लगातार सफलता मिल रही है। रविवार को इंद्रावती नदी पार के गांवों से 27 नक्सलियों ने बारसूर थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण किया। उन्होंने कहा कि दबाव में नक्सली बन गए थे। अब समाज और जंगल के जीवन का महत्व समझ में आ गया है। इधर पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सभी नक्सली संवेदनशील गांव मंगनार, बेड़मा, गुफा, हितावाड़ा, हांदावाड़ा आदि हैं।

करीब तीन माह पहले दंतेवाड़ा एसपी डा. अभिषेक पल्लव ने लोन वरार्टू (घर वापस आइए) अभियान शुरू किया था। अभियान में अब तक 177 नक्सली समर्पण कर चुके हैं। इनमें 45 इनामी हैं।

रविवार को बारसूर थाने में आत्मसमर्पण करने वालों में छह महिलाएं भी शामिल हैं। एक महिला अपने दो माह की बच्ची को लेकर पहुंची थी। उसने कहा कि नक्सलियों द्वारा घर वालों की पिटाई कर उसे संगठन में शामिल किया गया। वहीं, विवाह हुआ और दो माह पहले बच्ची को जन्म दिया। वह नहीं चाहती कि उनकी बेटी नक्सलियों के बीच रहे।

इससे पहले बारसूर थाने में ही 32 नक्सलियों ने समर्पण किया था। यह सभी बाकेली, मटासी, तुमरीगुंडा, कोरकोट्टी, उदेनार आदि गांवों के रहने वाले थे। समर्पण करने वाले नक्सलियों में से चार पर एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। इनके अलावा 28 अन्य सदस्य हैं।

बीते सितंबर महीने में छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में लोन वरार्टू अभियान (घर वापसी) के तहत एक आठ लाख के इनामी नक्सली ने आत?मसमर्पण किया था। पुलिस के मुताबिक, कोसा मरकाम उत्तर बस्तर संभाग में माओवादी सैन्य कंपनी नंबर 05 के पलटन नंबर 2 का सदस्य था। वह कई बड़े नेताओं के साथ काम कर चुका था।

## तमिलनाडु के कृषि मंत्री की कोरोना से मौत, प्रधानमंत्री मोदी समेत दिग्गज हस्तियों ने जताया शोक



**चेन्नई, पीटीआइ।** तमिलनाडु के कृषि मंत्री आर दोरईक्कान्नू का शनिवार रात को चेन्नई में निधन हो गया। 72 वर्षीय आर. दोरईक्कान्नू कोरोना से संक्रमित थे। उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत दिग्गज सियासी हस्तियों ने आर दोरईक्कान्नू के निधन पर शोक व्यक्त किया है। कावेरी अस्पताल के कार्यकारी निदेशक डॉ. ए सेल्वराज ने मेडिकल बुलेटिन में बताया कि राज्य के कृषि मंत्री आर. दोरईक्कान्नू का शनिवार रात को 11.15 बजे निधन हुआ।

उप राष्ट्रपति नायडू ने ट्वीट कर कहा, 'तमिलनाडु के कृषि मंत्री दोरईक्कान्नू के निधन से गहरा दुख हुआ। दोरईक्कान्नू ने किसानों के कल्याण और पिछड़े वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए काम किया। उनके शोक संतप्त परिवार के लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ओम शांति।' वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तमिलनाडु सरकार में मंत्री तिरु आर दोरईक्कान्नू के निधन से बहुत दुख हुआ। दोरईक्कान्नू ने समाज और किसानों के सशक्तिकरण के लिए काम किए। उनके परिवार और समर्थकों के प्रति मेरी शोक संवेदना...

डॉ. ए सेल्वराज ने बताया, 'दोरईक्कान्नू को यहां 13 अक्टूबर को विल्लपुरम के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल से यहां भर्ती कराया गया था। उन्हें बेचैनी की शिकायत थी और डॉक्टर उनका यहां इलाज कर रहे थे। इस मुश्किल वक्त में हमारी प्रार्थनाएं दोरईक्कान्नू के परिजनों के साथ हैं। तमिलनाडु के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने भी दोरईक्कान्नू के निधन पर शोक संवेदना जताई है। उन्होंने कहा कि मंत्री के निधन के बारे में जानकर उनको बेहद दुख हुआ।

राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने अपने शोक संदेश में कहा कि दोरईक्कान्नू अपनी सादगी, विनम्रता, साफगोई, शासन कौशल और किसान समुदाय के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते थे। दोरईक्कान्नू ने राज्य के कृषि मंत्रालय को पूरी लगन के साथ संभाला था और वहां अपनी मजबूत छवि बनाई थी। उनका असामयिक निधन तमिलनाडु के लोगों के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

पुरोहित ने दोरईक्कान्नू के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना जताई और कहा कि वह ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हैं। दोरईक्कान्नू तंजावुर जिले के पापनासम से तीन बार विधानसभा के सदस्य चुने गए थे। वह साल 2006, 2011 और 2016 में तमिलनाडु विधानसभा के सदस्य के तौर पर निर्वाचित हुए थे। दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता ने दोरईक्कान्नू को साल 2016 में अपनी कैबिनेट में जगह दी थी।

अस्पताल की मानें तो पिछले रविवार से उनकी तबियत ज्यादा खराब चल रही थी। अस्पताल के मुताबिक, उन्हें कोविड निमोनिया हो गया था जिसके चलते कई दूसरी जटिलताएं हो गई थीं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी, उपमुख्यमंत्री पन्नीरसेल्वम, द्रमुख अध्यक्ष एमके स्टालिन समेत राज्य की कई सियासी हस्तियों ने भी कृषि मंत्री आर दोरईक्कान्नू के निधन पर शोक संवेदना जताई है।

मालूम हो कि कई सियासी हस्तियां भी कोरोना संक्रमण की चपेट में आ चुकी हैं। इनमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, धर्मेंद्र प्रधान, श्रीपद नाईक, रामदास अठावले, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव, भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया और रिजर्व बैंक के गर्वनर शक्तिकांत दास शामिल हैं। हाल ही में स्मृति ईरानी भी संक्रमण की चपेट में आई हैं।

## अक्टूबर में कोरोना महामारी से मिली बड़ी राहत, पिछले तीन दिनों से 6 लाख से नीचे बने हुए हैं सक्रिय मरीज




**नई दिल्ली, जेएनएन।** कोरोना महामारी से जूझ रहे भारत के लिए अक्टूबर का महीना सुकून देने वाला रहा। सितंबर के मुकाबले अक्टूबर में नए मामलों और मरने वालों की संख्या 30 फीसद कम रही। जबकि, इस दौरान महामारी को मात देने वालों की संख्या 30 फीसद बढ़ गई। सक्रिय मामलों में गिरावट रुख बना हुआ है। पिछले तीन दिनों से सक्रिय मामले छह लाख से नीचे बने हुए हैं। मरीजों के महामारी से उबरने की दर बढ़कर 91.54 फीसद हो गई है और मृत्युदर गिरकर 1.49 फीसद रह गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से रविवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर में कुल 18,71,498 नए मामले सामने आए, जबकि सितंबर में कुल 26,21,418 नए मामले सामने आए थे। अब तक सामने आए कुल संक्रमितों की तुलना में अक्टूबर में 22.87 फीसद मामले मिले। पिछले महीने 23,433 लोगों की मौत भी हुई, जो सितंबर के मुकाबले 30 फीसद कम है। वहीं, इस दौरान 22 लाख से अधिक मरीज स्वस्थ हुए। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान 46,963 नए मामले सामने आए और संक्रमितों का आंकड़ा 81.84 लाख पर पहुंच गया। इस दौरान 470 और मरीजों की जान गई और मृतकों की कुल संख्या 1,22,111 हो गई है, इनमें से 19.19 फीसद मौतें अक्टूबर के महीने में हुई हैं। वहीं, 74.91 लाख मरीज पूरी तरह से ठीक भी हो चुके हैं। सक्रिय मामले 5.70 लाख हैं, जो कुल मामलों का 6.97 फीसद है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 1.24 लाख सक्रिय मामले हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के मुताबिक शनिवार को 10,91,239 नमूनों की जांच की गई। इनको मिलाकर 31 अक्टूबर तक कुल 10.98 करोड़ सैंपल्स टेस्ट किए जा चुके हैं।

### कोरोना काल में रेलवे ने बनाया नया रिकॉर्ड, अक्टूबर महीने में सबसे ज्यादा रेल कोच का उत्पादन

**नई दिल्ली, एएनआइ।** कोरोना काल में रेलवे ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अक्टूबर महीने में सबसे ज्यादा रेल कोच का उत्पादन किया गया है। वैसे तो इस संकट की घड़ी में सभी तरफ मंदी छाई हुई है, लेकिन इस संकट की घड़ी में भी भारतीय रेलवे ने नया रिकॉर्ड बनाया। मेक इन डंडिया के तहत पूर्व कोविड-19 के दौरान रेल कोच बनाने का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। रेल मंत्री पीयूष गोयल ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि एलएचबी की उच्चतम उत्पादकता लगभग दोगुना हो गई है। मंत्री ने बताया कि इस दौरान कपूरथल रेल कोच फैक्ट्री ने 3.08 कोचों के मुकाबले 5.88 कोच प्रति दिन के हिसाब से बनाए है। उन्होंने बताया कि रेल कोट ने कोरोना आपातकालीन कोच बनाने से लेकर रेलवे की क्षमता बढ़ाने और एलएचबी यानी लिंक हऑफमै बुश कोच बनाने के क्षेत्र में अब तक सबसे बेहतर कार्य किया है। यही नहीं पूरे अक्टूबर महीने में तो कपरूथला रेल फैक्ट्री ने रिकॉर्ड उत्पादन को अंजाम दिया है। भारतीय रेलवे धीरे-धीरे अपनी सेवाओं को बहाल कर रही है। रेल मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को घोषणा की कि रेलवे मुंबई में पहली नवंबर से रोजाना 610 और विशेष उपनगरीय सेवाओं वाली ट्रेनें का संचालन शुरू करेगा। रेलवे अपनी कुल सेवाओं को 2020 तक ले जा रहा है। रेल मंत्री ने बताया कि मुंबई में रेलवे की इस पहल से कोरोना के खतरे के मद्देनजर शारीरिक दूरी को बनाए रखने, भीड़भाड़ से बचने और यात्री सुविधाओं को बढ़ाने में मदद मिलेगी। पश्चिम रेलवे द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, 610 विशेष उपनगरीय सेवाओं को जोड़ने के साथ इन सेवाओं की संख्या को बढ़ाकर 2020 तक किया जाएगा। नई चलाई जाने वाली 610 उपनगरीय सेवाओं में से 314 को मध्य रेलवे नेटवर्क पर चलाया जाएगा जबकि बाकी 296 ट्रेनों को पश्चिम रेलवे में रखा जाएगा। बता दें कि रेलवे मुंबई के उपनगरीय नेटवर्क पर 1,410 ट्रेन सेवाओं का संचालन कर रहा है। इनमें से 706 ट्रेनें सेंट्रल लाइन पर जबकि 704 पश्चिम लाइन पर चलती हैं।

# ग्रामीण अंचल



## संक्षेप समाचार

### करछना के कैथी में चल रही रामलीला का मंच अराजकतत्वों ने फूका

**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत कैथी मे ग्रामीणो द्वारा रामलीला का मचन किया जा रहा था बीती रात रामलीला मंचन के समापन के बाद कुछ अराजक तत्वो ने रात करीब दो बजे के बाद मच मे आग लगा दी गई जिससे तखत और रामलीला के परदे आदि सब जल गये रात को जानकारी होते ही ग्रामीण इक्कठा हुए जिसे देखकर अराजक तत्व फरार हो गये।ग्रामीणो के मुताबिक इसी स्थान पर दुर्गा जागरण का आयोजन के दौरान भी अराजक तत्वो ने दुर्गा पडाल को जला दिया था जिसको लेकर ग्रामीणो मे गहरा आक्रोश व्यप्त है बिना परमिशन के ही गाव मे हो रही रामलीला मे आगजनी की घटना को लेकर आयोजक द्वारा शिकायत करने पर पुलिस ने शिकायत दर्ज करने से इन्कार कर दिया, घटना को लेकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोष है।

### दीवानगंज में राम लीला का मंचन शुरू

**फूलपुर।** फूलपुर क्षेत्र के दीवानगंज में राम लीला का मंचन शनिवार को प्रारम्भ हो गया। मंच का भव्य उद्घाटन पं अजय शास्त्री व पं शोभित मिश्र (कौशाम्बी ) की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। राम लीला कमेटी के संरक्षक भुलई राम गुप्त, श्याम लाल भुञ, राम चंद्र साहू, चंद्र गुप्ता,प्रेम चंद्र साहू, बाबा निरंजन दास महाराज ने फीता काटकर सकुशल मंचन की प्रार्थना की। मौके पर राजू श्रीवास्तव, अनिल सिंह, चंद्रमणि पांडेय, चंचल पांडेय,रिंकू दुबे,केसरी, नवीन साहू, रामबाबू साहू,मुन्नू महाजन, काजू श्रीवास्तव के साथ ही अन्य पदाधिकारी व पात्र मौजूद रहे।

### घर के बाउंड्री में खडे ट्रेक्टर की बैटरी अज्ञात चोरों ने उड़ा दिए

**मऊआइमा।** घर के बाउंड्री में खडे ट्रेक्टर की बैटरी अज्ञात चोर उडा ले गए। थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा क्षेत्र के ग्राम बकराबाद निवासी रईस उद्दीन पुत्र मोसम अली ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी है कि उसका ट्रेक्टर घर के बाउंड्री में खडा था। बीती रात अज्ञात चोर ट्रेक्टर की बैटरी चोरी कर ले गए। पुलिस तहरीर लेकर चोरों का पता लगा रही है।

## कार्तिक के पहले सुजावन देव यमुना घाट पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**घूरपुर।** कार्तिक माह के पहले रविवार को घूरपुर के सुजावन देव यमुना घाट पर के श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ा यमुना में पुन्य की डुबकी लगा पूजा अर्चना दीपदान कर सुजावन देव मंदिर स्थित भगवान शिव की दर्शन कर दान दक्षिणा कर मोक्ष की कामना की।घाट पर अव्यवस्थाओ का बोलबाला रहा।

कार्तिक मास में यमुना स्नान का विशेष महत्व है। कार्तिक मास की प्रथम दिन और प्रथम रविवार के दिन स्थानीय क्षेत्र सहित बारा, करछना तहसील के अंतर्गत हजारो श्रद्धालु यमुना स्नान के लिए भोर चार बजे से ही ऐतिहसिक धार्मिक आस्था के केंद्र सुजावन देव यमुना घाट पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ने लगा जो दोपहर तक चलता रहा। हजारो श्रद्धालुओ ने यमुना में पुन्य की डुबकी लगा पूजा अर्चना दीपदान कर सुजावन देव मंदिर स्थित भगवान शिव की दर्शन कर दान दक्षिणा किया। कोरोना काल के चलते इस बार दुकाने नहीं सजी थी।


घाट के कीचड़ में फंसी श्रद्धालु को निकालती महिला

फिर भी कोरोना पर आस्था भारी पड़ा। सुजावन देव मंदिर के पुजारी ज्ञान भारथी ने बताया की लगभग दस हजार से अधिक श्रद्धालुओ ने स्नान किया।

**स्थानीय प्रशासन का कोई नही था इंतजाम**

यमुना स्नार्थी अव्यवस्थाओ से नाराज दिखे। कीचड़ युक्त घाट में स्नार्थी फंस और फिसल कर गिरते रहे पड़ते स्नान किए। सबसे फजीहत महिला स्नानार्थियों को हुई भारी भीड़ के बीच महिलाओ को वस्त्र बदलने की कोई व्यस्था नही की गई थी। और ना ही जल पुलिस की ही व्यवस्था थी यदि कोई श्रद्धालु गहरे पानी में डूबता तो कोई बचाने वाला भी नही था। घाट पर रोशनी की भी व्यवस्था नही की गई थी। स्थानीय पुलिस भी सुबह नौ बजे पहुंची।जिससे स्नानार्थियों को भारी फजीहतों का सामना करना पड़ा।


सुजावन देव यमुना घाट पर स्नान करते श्रद्धालु

जबकि पुजारी ने बारा एसडीएम को पूर्व में पत्र देकर उक्त व्यवस्थाओ की मांग की थी बावजूद कोई व्यस्था नही की गई।जबकि उक्त घाट पर पूरे कार्तिक मास हजारो श्रद्धालु रोजाना स्नान करते है लेकिन कार्तिक के हर रविवार को स्नानार्थियों की अधिक भीड़ लगती है।

### दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

**नवाबगंज** । कई माह पूर्व नवाबगंज दुबरा जगदीशपुर गांव में दो विवाहिता के साथ दुष्कर्म के आरोपियों को नवाबगंज पुलिस गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। पुलिस मुताबिक गांव का लालचंद व राकेश कुमार एक दूसरे के विरुद्ध थाना नवाबगंज में मुकदमा दर्ज कराया था।जिस मामले में वांछित चल रहे थे। जिन्हें एसआई सोहराब अहमद व दीपक कुमार ने उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## मिठाई की दुकानों पर पहुंची कोविड-19 की जांच टीम

### 12 नवंबर तक अनवरत स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जाएगा जांच अभियान

**स्वास्थ्य विभाग द्वारा कराई जा रही जांच से बहुत से लोग कर रहे इनकार**

**शंकरगढ़।** कोविड-19 के संक्रमण पर पूरी तरह से नियंत्रण पाने के उद्देश्य से रविवार को मिठाई की दुकानों और रेस्टोरेंट पर जांच अभियान चलाय गया। इस दौरान स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मिठाई की दुकानों की जांच की। कोविड-19 की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे इस अभियान की जानकारी देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा. शैलेंद्र सिंह ने बताया कि यह अभियान आगामी 12 नवंबर तक चलेगा। इसका शुभारंभ 29 अक्टूबर से किया गया है। इस दौरान मिठाई की दुकानों की गहनता से जांच की जा रही है,


मिठाई की दुकान पर कोविड-19 की जांच करने पहुंची टीम

ताकि कोरोना के संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। इसके पूर्व रिक्शा व टेंपो चालकों के अलावा कपड़ा सिलने वालों की दुकानों पर भी इस तरह की जांच स्वास्थ्य विभाग कर चुका है।

सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर शैलेंद्र सिंह के मुताबिक इससे पूर्व 29 अक्टूबर से चलाए जा रहे अभियान में 29 अक्टूबर को रिक्शा व टेंपो चालकों के अलावा 30 अक्टूबर को मेहंदी व ब्यूटी पार्लर, 31 अक्टूबर को मिठाई की दुकानों और 1 नवंबर को रेस्टोरेंट्स पर जांच अभियान चलाया गया। आगे 2 नवंबर को वर्कशॉप, 3 नवंबर को माल, 4 नवंबर को इलेक्ट्रॉनिक शॉप,5 नवंबर को गिफ्ट, मूर्ति, स्ट्रीट वेंडर, 6 नवंबर को पटाखा मार्केट, 7 नवंबर को वर्कशॉप, 8 नवंबर को मिठाई शाप, 9 नवंबर को मूर्ति, गिफ्ट, दिया वेडर, 10 नवंबर को पटाखा मार्केट, 11 नवंबर को माल, 12 नवंबर को इलेक्ट्रॉनिक शॉप पर कोविड-19 की जांच की जाएगी। जांच टीम में डी पी सिंह, एलटी बृजेश सिंह व पुलिस कर्मी साथ रहे।

## बदमाशों ने बुजुर्ग महिला के गले से जंजीर छीन कर फरार

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के मलहरा ओवर ब्रिज के नीचे रविवार को बाइक सवार बदमाशों ने एक बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन छीन कर फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र के चक लाल मोहम्मद की रहने वाली कंचन देवी (60) पत्नी लल्लू रविवार शाम लगभग पांच बजे वह मोहल्ले की अन्य चार बुजुर्ग महिलाओं के साथ प्रतिदिन की तरह इवनिंग वॉक के लिए निकली हुई थी। घर से कुछ दूरी पहुंचने पर मलहरा ओवर ब्रिज के नीचे बाइक पर सवार दो शातिर बदमाश पहुंचे और कंचन देवी के गले से झपट्टा मारते हुए सोने की चेन छीन कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हर बार की तरह इस बार भी जांच जांच पड़ताल की खानापूर्ति करते हुए बैरंग वापस लौट आई। बता दें कि नैनी कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग कई स्थानों पर अब तक दर्जन भर से अधिक महिलाओं के गले से बदमाशों ने सोने की चेन छीनकर फरार हो चुके हैं। पुलिस अभी तक किसी भी बदमाशों को नहीं पकड़ पाई है। जिससे बदमाशों के हौसले बुलंद हैं और आए दिन घटना को अंजाम देने में जुटे हुए हैं।

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात बुजुर्ग की मौत

**नैनी ।** औद्योगिक क्षेत्र के रामपुर रेलवे क्रासिंग के समीप रविवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन शिनाख्त हो नहीं पाई। पुलिस ने अज्ञात में शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। इंस्पेक्टर चंद्रभान सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र तकरीबन 65 वर्ष है। वह सफेद धोती कुर्ता व लाल रंग की जांघिया पहने हुए था।

## सवालखी मंदिर में चोरों का धावा, चाँदी के मुकुट सहित दान पेटिका की चोरी

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र में एक बार फिर चोरो ने घटना को अंजाम दिया है, मंदिर से चांदी के मुकुट सहित दान पेटी का पर हाथ साफ किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्रामपंचायत सोरांव मेजारोड के सवालखी मंदिर में बीती रात चोरों ने चांदी के मुकुट सहित दान पेटिका में रखें लगभग 20 हजार रुपये पार कर दिया। सुबह मंदिर के पुजारी योगेश कुमार द्विवेदी जब उठे तो मंदिर का ताला खुला देख अवाक रह गये। उन्होंने जब मंदिर प्रबंधक राजेश कुमार द्विवेदी से संपर्क करने की कोशिश की तो देखा तो उनके पास से उनका मोबाइल व बैग भी गायब मिला।

थोड़ी ही देर में घटना की जानकारी जंगल में आग की तरह फैल गई। मौके पर धीरे-धीरे ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। सुबह के समय शौच क्रिया के लिए जा रहे ग्रामीणों ने देखा कि मंदिर से 300 मीटर दूरी पर धान के खेत में टूटी हुई दान पेटिका व पुजारी का बैग पाया गया। सूचना पर मेजारोड चौकी के उपनिरीक्षक नवीन कुमार सिंह,



चोरी के बाद बिखरा सामान व जांच पड़ताल करती पुलिस

कांस्टेबल जय सिंह, कांस्टेबल सुधीर यादव मौके पर पहुंच जांच में जुट गए। गौरतलब है कि क्षेत्र में आए दिन चोरी की घटना से लोगों में खासा आक्रोश व भय व्याप्त है। बता दें कि उक्त परिक्षेत्र से 500 मीटर के दायरे में चोरी छिनैती सहित यह तीसरी घटना है।

मेजा थाना क्षेत्र में इन दिनों अपराध का ग्राफ निरन्तर बढ़ता जा रहा है। पुलिस प्रशासन पर लोगो का भरोसा उठ चुका है। मेजा थाना क्षेत्र में जितने पुलिस चौकी है सबके सब अपराधियो को पकड़ने में फेल हो चुकी है। इस समय थाना हो या पुलिस चौकी हो दलालों का अड्डा बन गया हैं। थानेदार हो या चौकी इंचार्ज न्याय करने के बजाय अपने अवैध कमाई में लगे हैं। अपराधियो को अपराध रोकने के बजाय उन्हें छोड़ दिया जाता है, एक मोटी रकम ले कर। अगर पुलिस प्रशासन जिस दिन दलालों से दलाली लेना बंद कर दे उस दिन से अपराध होना बंद हो जाएगा। कोई फरियादी पुलिस के पास न्याय के लिए जाता है तो उसके ऊपर दबाव बनाकर सुलह करा लिया जाता है। इसी लिए अपराधी अपराध करने से डरता नही है। इस बढ़ती हुई अपराध से क्षेत्रवासियो में अपने जान माल के लिए भय और दहसद बना है।

### दो अलग-अलग स्थानों पर मार पीट में कई घायल, आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** दो अलग अलग स्थानों पर जमीनी विवाद को लेकर हुई मार पीट में कई घायल हुए हैं । पुलिस ने दोनों मामलों में आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला हजियाना निवासनीय खलीकुन निशां का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर परिवार के ही कतिपय लोगों ने उसे मारा पीटा । पुलिस ने गुड्डू उर्फ रईस महमूद, शेरु ,शेखू, शेबू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है । उधर ग्राम किरांव निवासी राजू सिंह पुत्र नन्हें सिंह का आरोप है कि पडोसी एक राय होकर घर का दरवाजा तोड कर घर में घुस कर महिलाओं को मारे और जान से मारने की धमकी भी दिए। पुलिस ने राजू सिंह की तहरीर पर दशरथ सिंह, संतोष सिंह, बलवीर सिंह, जीतेंद्र सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में बारह सौ लोगों की हुई जांच


निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में जांच के बाद मरीजों का इलाज करते चिकित्सक

**घूरपुर।** क्षेत्र के बरामार गांव स्थितबी सिंह इंटरमीडिएट कालेज में नैनी की श्रद्धा पुष्प डायग्नोस्टिक एंड पालिक्लिनिक सेंटर ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया तो आसपास के गांवो के भारी संख्या में लोग स्वास्थ्य जांच व इलाज कराने पहुंचे। डॉ एसपी पटेल, डॉ अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में चिकित्सको की टीम ने बारह सौ लोगो का स्वास्थ्य जांच कर मुफ्त में दवा वितरण कर आवश्यक सलाह दिया। शिविर में सर्दी ,खांसी, बुखार,चर्म रोग, दमा, ब्लड प्रेशर के अधिक संख्या में रोगी पाए गए। चिकित्सको ने रोगों से बचाव और खानापीन, स्वच्छता के बारे में भी जानकारी दिया। बताया कि मौसम में परिवर्तन की वजह से सर्दी बुखार से बचने के लिए सतर्कता बरतें और खानपीना में भी परिवर्तन रखे और काठा जरूर पिए ।कोरोना वायरस से बचाव सम्बंधित विस्तृत जानकारी भी दी गई। पालिक्लिनिक सेंटर के संचालक पुष्पराज सिंह, सहायक अमृत सिंह, विजय कुमार, अमृत लाल, डी सिंह अनिल कुमार सिंह आदि शिविर में मौजूद रहे।प्रधान पप्पु सिंह व कालेज के प्रबंधकअनिल सिंह ने आभार प्रकट किया।

## असलहों से दहशत फैलाते हुए मार पीट कर बाउंड्री गिराने वालो में दो आरोपी गिरफ्तार, गए जेल

**मऊआइमा।** महिलाओं को मार पीट कर पुशतैनी बाउंड्री गिरा कर असलहों का प्रदर्शन करने के आरोपियों में से पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है तथा शेष आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मऊदोस्तपुर निवासनीय एक महिला का आरोप है कि शुक्रवार को उसके घर के सारे पुरूष दोपहर में जुमा की नमाज पढने गए थे । आरोप है कि तभी डेढ दर्जन असलहाधारी दबंगों ने जमीन कब्जा करने के उद्देश्य से घर में घुस गए थे। और महिलाओं को मारे पीटे कपड़े फाड़े एवं अश्लील हरकतें करते हुए चालिस साल पुरानी बाउंड्री को गिरा दिए। तमंचा और राइफल देख कर ग्रामीणों में दहशत फैल गई। महिला की तहरीर पर पुलिस ने ओमप्रकाश, हरिप्रकाश, महेश्वर प्रकाश, शक्ति प्रकाश, वीरसेन यादव, धीरसेन यादव, गजराज यादव, अभिषेक यादव तथा ग्यारह अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने दबिश डाल कर महेश्वर प्रकाश, शक्ति प्रकाश को गिरफ्तार कर धारा 147, 148, 452, 354क, 354ख, 323, 504, 427, एंव 7 सीएल एक्ट में जेल भेज दिया।

### नवाबगंज से भगाई गई किशोरी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, पुलिस को देख फरार हुआ आरोपी युवक

**नवाबगंज।** विगत एक माह पूर्व नवाबगंज के एक गांव से भगाई किशोरी को मंसूराबाद पुलिस हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की है। चौकी इंचार्ज राकेश गौतम रविवार की सुबह मंसूराबाद आनापुर रोड से जा रहे थे। जैसे फतेहपुर कायस्थस्थान गांव के सामने पहुंचे एक युवक के साथ एक किशोरी जा रही थी। शक होने पर पूछताछ के दौरान पता चला कि पिछले दिनों किशोरी को गांव का ही एक युवक भगा ले गया था। पुलिस को देख कर आरोपी युवक भाग निकला। पुलिस हिरासत में परिजन द्वारा किशोरी की शिनाख्त कराई गई। लेकिन वादी मुकदमा किशोरी को अपने घर ले जाने से इंकार कर दिया। पुलिस कानूनी प्रक्रिया के अंतर्गत अंतर्गत खानापूर्ति विधिक कार्रवाई की है।

## कबरा गांव में दबंग ने प्रजापति बस्ती के जल निकासी पर लगाई रोक

**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत कबरा में कुछ दबंग लोग प्रजापति बस्ती का निकलने वाला पानी का रास्ता बंद कर दिया है, सड़क मार्ग पर जमा पानी अब बस्ती के लोगों के घरों में भर रहा है ।जिसको लेकर बस्ती वालों में चिन्गारी की आग सुलग रहीं हैं ।

गांव के प्रधान लव कुश मौर्या ने बताया कि गांव में प्रजापति मोहल्ले का पानी पूर्वज के समय से जिस जगह से जल निकासी का रास्ता बना हुआ था,उसी रास्ते को गांव के कुछ दबंग किस्म के लोग जबरदस्ती बंद कर दिया है, जिससे गांव



दबंग द्वारा जल निकासी रोकने से भरा गंदा पानी

का निकलने वाला गन्दा पानी प्रजापति मोहल्ले के लोगों के घरों में भर रहा है और सड़क मार्ग पर भी पानी जल जमाव से आवागमन भी बाधित होने से लोगों को आने जाने में दिक्कत हो रही है ।ग्रामीणो ने स्थानीय प्रशासन से अपील की है कि जल निकासी पर बाधित करने वाले नाली को दबंगो के खिलाफ कार्रवाई कर जल निकासी का रास्ता बहाल कराया जाय जिससे लोगों की समस्याओं का समाधान हो सकें ।

## यातायात माह का हुआ शुभारंभ, पुलिस ने बढ़ाई सख्ती




हरी झण्डी दिखाकर यातायात माह का शुभारंभ करती सांसद केशरी देवी पटेल

**प्रयागराज।** प्रयागराज में रविवार यानी एक नवंबर से यातायात माह शुरू हो गया है। इसी के साथ ट्रैफिक पुलिस ने सख्ती भी बढ़ा दी है। पुलिस का जोर हादसों पर अंकुश लगाते हुए मृत्यु दर को घटाना है। यातायात माह की शुरूआत रविवार सुबह सिविल लाइंस सुभाष चौराहे पर हुई। भाजपा सांसद केशरी देवी पटेल ने शुभारंभ करते हुए लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। आइजी केपी सिंह, एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी और एसपी ट्रैफिक अखिलेश भदौरिया ने सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु का आंकड़ा पेश करते हुए कहा कि ट्रैफिक नियम आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए ही है। नियम का पालन करके आप अपनी और दूसरों की जान को बचा सकते हैं।

यातायात माह का शुभारंभ होने के बाद सांसद ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ट्रैफिक पुलिस, सिविल पुलिस के जवानों के साथ ही टेंपो, टैक्सी यूनियन से जुड़े लोग इसमें शामिल हुए। रैली सुभाष चौराहे से शुरू होकर पत्थर गिरिजा घर, जीपीओ चौराहा, हॉट स्टफ होते हुए वापस सुभाष चौराहे पर समाप्त हुई। इसी के साथ ही ट्रैफिक पुलिस के जवानों की अलग-अलग टीम बनाई गई है, जो वाहनों की जांच करते हुए शमन शुल्क वसूल करेंगे।

यातायात से जुड़े नियमों को लेकर पुलिस जहां जागरूकता अभियान चलाएगी, वहीं पालन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी करेगी। एसपी ट्रैफिक अखिलेश भदौरिया ने बताया कि स्कूल व कॉलेज में छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियम के बारे में बताया जाएगा। हाईवे पर स्थित होटल, ढाबा पर खड़े होने वाले ट्रकों के चालकों को भी नियम का पालन करने के प्रति जोर दिया जाएगा। साथ ही बिना हेलमेट, बिना सीट्ल पहनकर वाहन चलाने और दूसरे नियम का पालन न करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए कड़ाके की ठंड में भी पुलिस का बजेगा सायरन

**प्रयागराज।** ठंड की शुरूआत हो गई है। पुलिस ने अभी से चोरी की घटना पर अंकुश लगाने की तैयारी की है।ठंड के मौसम में चोरी की वारदात बढ़ जाती हैं। ऐसे में पुलिस अधिकारियों ने अभी से इसकी रोकथाम के लिए कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। रात्रि गश्त में और तेजी लाए जाने के निर्देश सभी थाना और चौकी प्रभारियों के साथ ही बीट सिपाहियों को दिया गया है। मुख्य सड़कों के साथ ही गली-गली में भी गश्त के निर्देश दिए गए हैं। पीआरवी 112 के पुलिसकर्मियों को भी इस ओर विशेष निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्राधिकारियों से भी कहा गया है कि वे निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों की मुस्तैदी का अवलोकन करें।

ठंड में चोरी की वारदातों में इजाफा हो जाता है। अधिक ठंड पड़ने के कारण सड़कों पर समय से पहले ही सन्नाटा पसर जाता है। धुंध की वजह से चोर आसानी से घरों में दाखिल हो जाते हैं। साथ ही दुकानों का ताला भी तोड़ देते हैं। उनकी हरकतें भी किसी को नजर नहीं आतीं, साथ ही आहट तक नहीं मिलती। धुंध के कारण सीसीटीवी कैमरों में भी चोर कैद नहीं हो पाते। पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह का कहना है कि रात्रि गश्त पहले से ही काफी तेज की गई है। इसका लाभ भी मिल रहा है। चोरी की वारदातें बेहद कम हो गईं हैं। ठंड के मौसम में चोरी की कोई घटना न हो, इसके लिए सभी पुलिसकर्मियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। रात्रि गश्त में किसी प्रकार की हीला हवाली बरतने पर कठोर कार्रवाई होगी।

## लव जिहाद कानून को अखाड़ा परिषद का समर्थन, महंत नरेंद्र गिरि बोले-जल्द कानून बनाकर जेहादियों का मनोबल गिराएं सीएम योगी



**प्रयागराज।** लव जिहाद के खिलाफ कानून बनाने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान का अखाड़ा परिषद ने समर्थन किया है। साधु संतों की सर्वोच्च संस्था के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि ने कहा कि इस पर कानून बनना ही चाहिए। उन्होंने प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि जल्द से जल्द कानून बनाया जाए। जिससे लव जेहादियों का मनोबल गिरे। महंत नरेंद्र गिरि ने कहा कि बीते 15-20 सालों में लव जिहादियों का मनोबल बढ़ गया है। ऐसे संगीन अपराध को रोकने के लिए अब समय आ चुका है कि कड़ा कानून बने। अखाड़ा परिषद इसका पूरी तरह से समर्थन करता है। महंत नरेंद्र गिरि ने कहा कि वर्तमान समय की देश की तमाम बड़ी समस्याओं में से ये भी एक समस्या है। लव जिहाद करने वालों को उन्होंने जनता के बीच फांसी पर लटकाने की मांग रखी। महंत नरेंद्र गिरी ने कहा है कि संविधान किसी के व्यक्तिगत जीवन में दखल की इजाजत नहीं देता है लेकिन किसी का जीवन बर्बाद न हो, ये भी एक पक्ष है। इस पर सख्त कानून बनना चाहिए।

## किशोरी को अगवा करने वाला युवक गिरफ्तार

**प्रयागराज।** कर्नलगंज पुलिस ने रविवार को किशोरी को अगवा करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ रेप और पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई कर-के जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि बीते शुक्रवार को कर्नलगंज की एक 16 वर्षीय किशोरी गायब हो गई थी।

उसके परिजनों ने कटरा के आकाश सोनी के खिलाफ बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से जांच की तो पता चला कि आरोपी किशोरी को लेकर विंध्याचल चला गया है। पुलिस ने छापेमारी कर शनिवार को किशोरी को बरामद किया था। रविवार को पुलिस ने आरोपी आकाश को भी गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता के बयान के आधार पर रेप की धारा भी बढ़ा दी गई है।

## सेना से मांगी मेले के लिए जमीन, बनेंगे चार पांटून पुल

**प्रयागराज।** माघ मेला 2021 के लिए जिला प्रशासन ने सेना से जमीन की मांग रख दी है। जमीन मार्च तक के लिए ली जाएगी। यहां पर इस बार कल्पवासियों को ही बसाया जाएगा। इस बार मेला क्षेत्र में चार पांटून पुलों का निर्माण होगा। दो पुल झूंसी की ओर जाने के लिए होंगे और दो पुल आने के लिए रखे जाएंगे।

माघ मेले के काम ने गति पकड़नी शुरू कर दी है। सफाई के लिए मेला प्राधिकरण की ओर से टेंडर जारी कर दिया गया है। परेड क्षेत्र व संगम तट पर स्वच्छता अभियान चलाकर जमीन समतलीकरण का काम शुरू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही मेला प्रशासन ने दूसरे विभागों से प्रस्ताव मांगे हैं। लोक निर्माण विभाग की ओर से अब तक पांच पांटून पुलों का निर्माण कराया जाता था। इस बार मेले में संस्थाओं को कम किया जाएगा। ऐसे में एक पांटून पुल भी कम किया जाएगा। पांटून पुलों के निर्माण का काम नवंबर के पहले हफ्ते में शुरू होगा। मेला के सेक्टरों को कम कर दिया गया है। चार सेक्टर में मेला रहेगा। जबकि क्षेत्रफल एक चौथाई ही रह जाएगा। प्रयागराज मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष आर रमेश कुमार का कहना है कि प्रस्ताव दिए जा रहे हैं। मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी का कहना है कि सोमवार से काम गति पकड़ लेगा।

## छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल किया जागरूक




यातायात माह को लेकर रैली निकालकर लोगों को जागरूक करती छात्र छात्राएं

**प्रयागराज।** सांसद केसरी देवी पटेल ने रविवार को यातायात माह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने रैली निकालकर यातायात नियमों को पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया। यातायात माह पर जागरूकता लाने के लिए एक महीने तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

हर साल की तरह इस वर्ष भी एक नवंबर को यातायात माह की शुरूआत हुई। इस बार पुलिस लाइन की जगह सुभाष चौराहे पर यातायात माह के उपलक्ष्य में कार्यक्रम रखा गया। जहां पर न केवल पुलिसकर्मी बल्कि प्रयागराज से जुड़े समाजसेवी व अन्य विभिन्न संगठनों के लोग मौजूद रहे। आईजी केपी सिंह और डीआईजी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों से अपील की।

## निर्माण श्रमिकों के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान




दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए

**प्रयागराज।** कंस्ट्रक्शन लेबर यूनियन के तत्वाधान में बिल्डिंग एंड वुड वर्कर्स इंटरनेशनल के सहयोग से निर्माण श्रमिको के सामूहिक लामबंदी, पैरवी और वकालत अभियान विषयक कार्यक्रम का आयोजन विज्ञानं परिषद्, प्रयागराज में किया गया ।

जिसमे शहर के प्रमुख लेबर चौराहों के श्रमिक प्रतिनिधि सहित 03 दर्जन से अधिक श्रमिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी को सेनेटाइज कर मास्क वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत दीपक कुमार, जगदीश कुमार, शीतला प्रसाद, मो० अशरफ के द्वारा माल्यार्पण और बैज लगाकर किया गया।

कार्यक्रम का संचालन नाजिम अंसारी, सदस्य - प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, भारत सरकार, प्रयागराज के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कंस्ट्रक्शन लेबर यूनियन के महासचिव श्री सी० पी० सिंह ने कहा की कोविड 19 देश के सामने एक बड़ा ही संकट का समय है। इससे हम सभी को मिलकर लड़ना है इस दौरान निर्माण श्रमिको के स्थिति अत्यंत ही दयनीय हो गयी है ।क्योकि श्रमिक देश के निर्माण में अहम् योगदान था लेकिन लॉक डाउन से उनका दैनिक जीवन बहुत ही प्रभावित हुआ है, और उनके सामने अभी भी काम का संकट खड़ा हुआ है। लेकिन सरकारी परियोजनाएं अब शुरू हो चुकी है जहाँ श्रमिको को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। हमें इन श्रमिको को जोड़ने की जरुरत है कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि मिलिंद सक्सेना, कंसल्टेंट, बिल्डिंग एंड वुड वर्कर्स इंटरनेशनल ने कहा कि भारत सरकार के द्वारा प्रयागराज में गंगा नदी से पश्चिम बंगाल के हल्दिया तक 1500 किमी से अधिक लम्बे संचालित जलमार्ग परियोजना में श्रमिको के काम को लेकर पैरवी की जरुरत है। जिससे हजारो श्रमिको के रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें।

असंगठित कामगार मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष डा० प्रमोद शुक्ला ने कहा कि सरकार श्रमिको को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये इसके लिये श्रमिको को आवाज उठाने की जरुरत है ।क्योकि कोरोना काल में श्रमिको को जीवन बहुत ही प्रभावित हुआ है। बिल्डिंग एंड वुड वर्कर्स इंटरनेशनल की तरफ से कतर में लाइजनिंग ऑफिसर के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी श्रमिको के मुद्दे पर कार्य कर रहे प्रिंस वर्मा ने बताया कि कतर में 05 लाख की आबादी है लेकिन इससे दुगनी आबादी एशिया से गये नागरिको और प्रवासी श्रमिको की है जिसमे सर्वाधिक संख्या भारतीयों की है और उन्होंने सेफ प्रवास पर विस्तृत रूप से चर्चा की।

कार्यक्रम में उपस्थित श्रमिक प्रतिनिधियों ने कोरोना काल में काम न मिलने और प्रभावित जीवन के बारे में विस्तृत चर्चा की ` कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापित सतत शहर प्रोग्राम के समन्वयक आर विकास ने किया।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## एल्डर कमेटी के पदाधिकारियों के खिलाफ मुकदमे की तहरीर

**प्रयागराज।** जिला अधिवक्ता संघ की एल्डर कमेटी के सदस्यों ने जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हरि सागर मिश्र, मंत्री राकेश कुमार दुबे, संयुक्त मंत्री देवेंद्र मिश्र, कोषाध्यक्ष इंद्रेश मिश्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए प्रभारी निरीक्षक थाना कर्नलगंज को तहरीर दी। अग्रिम रणनीति तय करने के लिए 2 नवंबर को 11 बजे संघ हाल में आमसभा बुलाई गई है। एल्डर कमेटी के सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने कहा कि मार्च 2020 से 11 अक्टूबर 2020 तक संघ की आय 11,69,000 के करीब होती है। उसे बैंक में जमा नहीं किया गया तथा इसे इन लोगों ने आपस में दुरभिसंधि करके अपने कब्जे में ले लिया है जो संघ की नियमावली के अनुसार संघ की धनराशि का गबन व दुरुपयोग है। इस संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रभारी निरीक्षक थाना कर्नलगंज को तहरीर दी गई है, जिस पर एल्डर कमेटी के चेयरमैन नरेंद्र देव पांडे, सदस्य उमाशंकर तिवारी, धारा सिंह व अखिलेश के हस्ताक्षर हैं। गौरतलब है कि कार्यालय लिपिक के द्वारा 29 अक्टूबर 2020 को कर्नलगंज थाने पर एल्डर कमेटी के चेयरमैन के विरुद्ध एक प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि 29 अक्टूबर को जिला अधिवक्ता संघ की आमदनी 18,190 थी जिसे एल्डर कमेटी के द्वारा ले लिया गया है।

## 30 नवंबर तक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की तारीख बढ़ी

**प्रयागराज।** अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं के लिए भारत सरकार छात्रवृत्ति योजना 2020-21 में आवेदन की आखिरी तारीख 30 नवंबर तक बढ़ा दी गई है। इसके साथ ही संस्थानों के लिए केवाईसी जमा करने की तारीख भी बढ़ा दी गई है।

इस बार कोरोना संक्रमण के कारण तमाम विद्यालय बंद रहे हैं। ऐसे में केंद्र सरकार ने छात्रवृत्ति आवेदन के लिए आखिरी तारीख बढ़ा दी है। छात्रवृत्ति के लिए इस बार विभाग को कक्षा एक से 10 तक के 10 हजार 540 छात्रों का लक्ष्य मिला है। जिसके सापेक्ष अब तक महज चार हजार 119 आवेदन आए हैं और संस्थाओं ने 1133 ही आवेदनों को अप्रूव किया है। ऐसे ही नवीनीकरण के 16 हजार 890 के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक सात हजार 813 आवेदन आए हैं। पोस्ट मैट्रिक नए आवेदनों के 1757 लक्ष्य के सापेक्ष अब तक महज 943 आवेदन आए हैं। नवीनीकरण के 1043 के सापेक्ष 353 आवेदन विभाग को प्राप्त हुए हैं। वहीं, मेरिट कम मीन्स के नए छात्रों के 211 के सापेक्ष 94 और नवीनीकरण के 131 के सापेक्ष 34 आवेदन विभाग को मिले हैं। केवाईसी के लिए अब तक छह हजार 769 संस्थानों में से महज 1769 ने आवेदन किया है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शिव प्रकाश तिवारी का कहना है कि संस्थाओं को छात्रों के आवेदन 15 दिसंबर तक अप्रूव करने हैं।

## 26 की हड़ताल और इंडियन बैंक में विलय पर किया मंथन




बैठक को संबोधित करते हुए

**प्रयागराज।** इलाहाबाद बैंक के कर्मचारियों ने विभिन्न मुद्दों पर 26 नवंबर को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। इलाहाबाद बैंक स्टाफ एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में प्रस्तावित हड़ताल व अन्य मुद्दों पर मंथन हुआ। मीटिंग में इलाहाबाद बैंक के इंडियन बैंक में विलय पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

कानपुर रोड स्थित होटल रविशा में एसोसिएशन की तरफ से हुई बैठक में हड़ताल सफल बनाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि औद्योगिक हड़ताल सफल बनाने के लिए शत-प्रतिशत प्रयास करना चाहिए। मीटिंग में एसोसिएशन की कार्यकाकारिणी ने इलाहाबाद बैंक के इंडियन बैंक से विलय पर विस्तार से चर्चा की। एसोसिएशन सदस्यों को विलय की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में बैंक के कर्मचारियों की समस्या पर भी विचार-विमर्श हुआ और तय किया गया कि सभी शिकायतों के निस्तारण का प्रयास होगा।

आरबी चौबे की अध्यक्षता में हुई बैठक में एआईएबीईसीसी के अध्यक्ष वाईपी सिंह, उपाध्यक्ष रतन सिंह चौहान, कार्यकारी महामंत्री संजय शर्मा के साथ बैंक यूनियन से जुड़े अतुल मेहरोत्रा, मंडल प्रमुख (इंडियन बैंक) शशिकर दयाल, सहायक महाप्रबंधक रेशमलाल चराया, पीएन सिंह, संजय अग्रवाल, लखन छाबड़ा, सुलभ टंडन, धर्मेंद्र पांडेय, सुधांशु वर्मा, राजेश कनौजिया, अजय त्यागी, अजीत सिंह, दीपेंद्र सिन्हा, शंकर सुवन प्रजापति, संतोष मेहरोत्रा, रमा खन्ना मौजूद रहे। उप महामंत्री मदनजी उपाध्याय ने संचालन किया।

### रिटायर फौजी की पत्नी की छीन ली चेन

**प्रयागराज।** धूमनगंज इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने रविवार दोपहर रिटायर फौजी की पत्नी के गले से चेन छीन ली। ट्रांसपोर्ट नगर में रिटायर फौजी मुकेश ओझा सपरिवार रहते हैं। रविवार को उनकी पत्नी सुनीता किसी काम से बाहर गई थीं। दोपहर में वह पैदल ही घर लौट रही थीं। इस दौरान बाइक सवार तीन युवक आए और झपट्टा मारकर सुनीता के गले से चेन छीन ली। इस दौरान सुनीता वहीं गिर गईं और बदमाश बाइक से फरार हो गए। सूचना पर धूमनगंज पुलिस पहुंची। बाइक सवार तीनों बदमाशों का हुलिया पूछकर उनकी तलाश में जुट गई। धूमनगंज पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट की एफआईआर दर्ज की है।

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी

## संक्षेप समाचार

### सोल्लास शुरू हुआ दशहरे का परम्परागत मेला

**प्रतापगढ़।** नगर मे दशहरे का परम्परागत मेला शनिवार से सोल्लास प्रारम्भ हुआ। नेशनल हाइवे के समीप मैदान मे लगे त्रिदिवसीय मेले मे नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रो के लोगों का उत्साहजनक जमघट दिखा। मेले मे लोगों ने चाट तथा जलेबी का जायका लिया तो बच्चों ने खेल खिलौने व गुब्बारों की भी जमकर खरीददारी की। वहीं महिलाओं ने गृहस्थी के सामान आदि की भी खरीददारी मे तल्लीन दिखी। मेले मे शांति व व्यवस्था के लिए पुलिस ने भी देर शाम तक चैकसी बरती। दशहरे का परम्परागत मेला होने के कारण शनिवार को नगर क्षेत्र मे भीड़ का दबाव भी दिखा। इसके चलते नेशनल हाइवे पर यातायात व्यवस्था भी कई बार चरमरा उठी।

### सम्मानित किए गए एसओजी प्रभारी

**कौशांबी।** पुलिस विभाग में अपराधों पर अंकुश लगाने अपराधियों पर कठोर कार्यवाही करने के मामले में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एसओजी प्रभारी संजय गुप्ता को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है।

## लालगंज पुलिस ने अपहरणकर्ता को पकड़कर भेजा जेल

### देर रात तक चले लुका छिपी के खेल के बाद पकड़ा गया अपहरण कर्ता, परिवार ने कहा धन्यवाद खाकी

**प्रतापगढ़।** कहते हैं अपराध और अपराधी ज्यादा दिन तक पुलिस के गिरफ्त से दूर नही रह सकते फिर वह चाहे पाताल मे ही क्यों न छिपे हों । कुछ ऐसा ही कर दिखाया है लालगंज कोतवाली मे तैनात एस आई सचिन पटेल ने ,जिन्होने अपने जाबांजी एंव सूझ - बूझ के चलते लड़की के अपहरण मामले मे युवक को देर रात तक चले अभियान मे फिल्मी अंदाज मे गिरफ्तार कर देल भेज दिया । दरअसल मामला कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा हुआ है जहां पर बीते माह के दस तारीख को एक लड़की का अपहरण उसी गांव के रहने वाले धर्मराज ने कर लिया था । पिता के आरोप एंव शिकायत के बाद मामले मे अपहरण कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद चालू हुई पुलिस की छानबीन की प्रक्रिया और आखिरकार एस आई सचिन पटेल को आरोपित युवक के मुम्बई मे होने की जानकारी हुई तो वे बिना देर किए मुंबई पहुचे और वहां खोज बीन जारी किया । खोजबीन के दौरान पता चला कि आरोप मत युवक लड़की साथ गांव मे कहीं छिपा हुआ है ,जिसके बाद एस आई सचिन ने कोतवाली पुलिस से सम्पर्क कर आरोपित को छिपे ठिकाने पर पुलिस को भेजकर लड़की के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया जिसके बाद लड़की के पिता ने पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के नेतृत्व मे चले अभियान की सराहना करते हुए पुलिस विभाग पर भरोसा जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है ।



पुलिस की गिरफ्त में अपहरणकर्ता।

## पत्नी ने नशे का विरोध किया तो युवक ने लगा ली फांसी

**कुंडा प्रतापगढ़।** आर्थिक तंगी में युवक नशा करने लगा तो पत्नी ने विरोध किया। इससे नाराज होकर युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। अंतू थाना क्षेत्र के दादूपुर रन सिंह निवासी अरविंद कुमार वर्मा (45) खेतीबारी करता था। उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। इसके बावजूद वह नशे का आदी होता जा रहा था। इससे आए दिन पति-पत्नी के बीच विवाद होता था। शनिवार को भी अरविंद नशा करके देर शाम घर पहुंचा तो पत्नी ने विरोध किया। इसी बात पर दोनों में फिर विवाद हुआ। इसके बाद अरविंद अपने छप्पर से बने कमरे में सोने चला गया। बताया जाता है कि रात में छप्पर के बांस में दुपट्टा बांधकर उसने फांसी लगा ली। रविवार सुबह काफी देर तक वह नहीं निकला तो घरवाले उसे जगाने गए। भीतर जाते ही सबकी चीख निकल गई। सूचना पाकर थानाध्यक्ष रतनलाल कनौजिया मौके पर पहुंचे तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अरविंद के दो लड़के हैं। बड़ा लड़का गुजरात में प्राइवेट नौकरी करता है जबकि छोटा लड़का घर पर रहता है।



यातायात माह में यातायात पुलिस द्वारा लोगों को जागरूक करते।

## यातायात नियमों के प्रति जागरुकता हेतु आयोजित कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

**प्रतापगढ़।** यातायात माह नवम्बर 2020 की शुरूआत में जनपद प्रतापगढ़ के राजापाल टंकी चैराहे पर यातायात पुलिस प्रतापगढ़ के द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरुकता हेतु आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ द्वारा फीता काटकर किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित आम जनमानस को पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ द्वारा यातायात नियमों के बारे में बताते हुये उन्हे जागरुक किया गया तथा वहां पर उपस्थित पत्रकार बंधुओं को हेलमेट वितरित किया गया व सुरक्षा के दृष्टिगत दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनने की हिदायत दी गई। यातायात नियमों के प्रति जागरुकता हेतु इस तरह के कार्यक्रम 01 नवम्बर से 30 नवम्बर तक जनपद के शहर व देहात क्षेत्रों के स्कूल/कालेजों/चौराहों पर भिन्न-भिन्न तिथियों में आयोजित किये जायेंगे। बैनर, पोस्टर व पम्पलेट के माध्यम से वाहन स्वामी, वाहन चालक, स्कूल, कालेज के बच्चों व आम जनमानस को यातायात नियमों से अवगत कराया जायेगा। यातायात नियमों का उलंघन करने वालों जैसे, नशे की हालत में गाड़ी चलाना, तेज रफ्तार में खतरनाक ढंग से गाड़ी चलाना, ओवर लोडिंग आदि के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही भी की जायेगी।

## भौगोलिक राजनैतिक आर्थिक दृष्टि से देश को मजबूत करने का सरदार पटेल ने किया काम : प्रीतम

**कौशाम्बी।** चायल के चकबादशाह पुर में भारत के बेजोड़ शिल्पी प्रथमगृहमंत्री व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 145 वीं जयन्ती रविवार को बड़ी धूमधाम से सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई जयन्ती की अध्यक्षता राम बहादुर पटेल ने की और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बुद्धिसागर पटेल रहे जयन्ती का आयोजन डाक्टर अनिरुद्ध सिंह पटेल ने किया। सरदार पटेल जयन्ती में अपने विचार रखते हुए समाज सेवी प्रीतम पटेल ने कहा कि आज जो भारत का नक्शा है वो सरदार पटेल की निर्भीकता निडरता और अदम्य साहस की वजह से हुआ है उन्होंने 562 देशी रियासतों को एक कर आधुनिक भारत का निर्माण किया सरदार पटेल छुआ छूत के विरोधी थे उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की भौगोलिक राजनैतिक आर्थिक दृष्टि से देश को मजबूत करने का काम किया। समाजसेवी नेपाल सिंह पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल हमेशा किसानों की दयनीय स्थिति को लेकर चिंतित रहते थे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य कैसे मिले इसपर उन्होंने कृषि को उधोग का दर्जा दिलाने के लिए प्रयास किया सरदार पटेल ने राष्ट्रीय एकता करने का काम किया इस मौके पर सुभाष पटेल ,अभिमन्यु पटेल सुरेश सिंह पटेल ,मैकूलाल पटेल ,रामप्रकाश बाबू जी ,सम्भूनाथ पटेल ,बलवन्त सिंह पटेल ,पूर्व फौजी सोम सिंह पटेल ,पूर्व फौजी विजय सिंह ,पूर्व फौजी मदन पटेल आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



सरदार पटेल जयंती पर अपने विचार व्यक्त करते समाजसेवी प्रीतम पटेल।

## सरकार के निर्देश पर भी नहीं खाली हुए शत्रु संपत्तियों के कब्जे

**कौशाम्बी।** राजस्व अभिलेखों में दर्ज शत्रु संपत्तियां भू माफियाओं के कब्जे में चली गई है इस मामले को केंद्र सरकार ने गंभीरता से लिया है और बीते दो महीने पूर्व केंद्र सरकार ने निर्देश जारी कर शत्रु संपत्तियां खाली करवाने का पत्र जारी किया है शत्रु संपत्ति से अवैध कब्जे हटाए जाने के पत्र आने के बाद शत्रु संपत्तियों के अवैध कब्जे नहीं हटाए गए हैं जिले के मंझनपुर सिराथू और चायल तीनों तहसीलों में शत्रु संपत्तियों पर बड़े पैमाने पर कब्जे हैं शत्रु संपत्तियों में आलीशान भवन बन चुके हैं शत्रु संपत्तिओ में अवैध कब्जे के मामले में आखिर केंद्र सरकार के निर्देश का पालन कब जिले में कराया जाएगा इस बात का उत्तर जनता जानना चाहती है।

## जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

### ड्यूटी में तैनात चतुर्थ श्रेणी संविदाकर्मियों को हटाकर उनके स्थान पर अन्य दूसरे लोगों को लगाकर साफ.सफाई के कार्य को निरन्तर बनाये रखने का निर्देश संबंधित एजेन्सी को दिया

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने शनिवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में साफ.सफाई सही ढंग से न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने ड्यूटी में तैनात चतुर्थ श्रेणी संविदाकर्मियों को हटाकर उनके स्थान पर अन्य दूसरे लोगों को लगाकर साफ.सफाई के कार्य को निरन्तर बनाये रखने का निर्देश संबंधित एजेन्सी को दिया है। उन्होंने वहां पर टूटी कुर्सियों टाइल्स एवं किचेन की मरम्मत कराये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने वहां पर मरीजों के लिए गर्म पानी की टंकी लगवाये जाने का निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिया है। उन्होने कहा कि अस्पताल के सभी फ्लोर पर एक.एक सिक्योरिटी गार्ड लगाये जाए जिलाधिकारी ने एमसीएच विंग विल्डिंग में कमी पाये जाने पर उसकी मरम्मत का कार्य भी कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होने वहां पर खड़ी पुरानी एम्बुलेसों को निष्प्रयोज्य कराकर नीलामी कराने के निर्देश दिया है।



अस्पताल काऔचक निरीक्षण करते जिलाधिकारी



पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी कछुए तालाब में छोड़ते।

## कछुए को बचाकर दिया वन्यजीवों की रक्षा का संदेश

**प्रतापगढ़।** वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो भारत सरकार के वालंटियर एवं पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्य से गौरा की ओर जा रहे थे, अचानक गाजी के बाग के समीप कुछ कछुए सड़क पर जाते दिखाई दिए तो अजय क्रांतिकारी को दुर्घटना की आशंका हुई।उनकी सुरक्षा का विचार करते हुए गाड़ी से उतरकर कछुओं को अपने हाथ से पकड़कर गाजी के बाग में स्थित वन विभाग को नर्सरी परिसर में स्थित तालाब में छोड़कर उनकी जान बचाने का कार्य किया। तालाब के पानी में कूदकर कछुए आनन्दित हो उठे। उनके इस प्रयास की लोगों द्वारा भूरि–भूरि प्रशंसा की गई। इस मौके उन्होंने कहा कि वन्यजीवों की सुरक्षा से पर्यावरण को बचाया जा सकता है।हम सभी को वन्यजीवों के प्रति हो रहे अत्याचार और उनके अवैध व्यापार को हतोत्साहित किया जाना चाहिए।आगे उन्होंने बताया कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत वन्यजीवों का शिकार करना पूर्ण प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सेना के सैनिकों द्वारा लगातार वन्यजीव जन जागरूकता कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा। इस प्रयास में बरिष्ठ पर्यावरण सैनिक रवि प्रकाश मिश्र का विशेष सहयोग रहा।

## गुमटी का पल्ला तोड़कर हजारों की चोरी

**प्रतापगढ़।** पान की गुमटी का पल्ला तोड़कर चोरों ने हजारों का माल उड़ाया,दुकानदार जब सुबह दुकान खोलने गया तो पीछे से गुमटी का पल्ला टूटा देख वह अवाक रह गया। और इसकी सूचना पट्टी कोतवाली पुलिस को दी सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची मामला कंधई थाना बता कर वहां से वापस लौट गई। कंधई और पट्टी कोतवाली क्षेत्र में इन दिनों चोरी जैसी घटनाओं में बाढ़ सी आ गई है। चोरों के हौसले बुलंद हैं पुलिस का खौफ खत्म हो गया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के महोखरी गांव निवासी शिव शंकर पाठक पुत्र स्वर्गीय भगवत प्रसाद पाठक पट्टी प्रतापगढ़ उडैंयाडीह मोड़ पर पान की गुमटी खोल रखा था रोज की तरह कल दुकान बंद कर घर आया और सुबह दुकान खोलने गया। तो दुकान का पीछे से पल्ला टूटा था और उसमें जो भी सामान था अज्ञात चोरों ने सब लूट लिया था। यह देख पीड़ित ने इसकी सूचना पट्टी कोतवाली पुलिस को दी सूचना के पश्चात मौके पर पुलिस पहुंची तो कंधई थाने का मामला बताते हुए वहां से वापस चली गई।

## सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए समर्पित हों ब्राह्मण

### अजीत मिश्र को प्रदेश अध्यक्ष व अखिलेश मिश्र को सौंपी गयी राष्ट्रीय सलाहकार की जिम्मेवारी

**प्रतापगढ।** अखिल भारतीय ब्राह्मण परिवार सेवा संस्थान की बाबा घुइसरनाथ धाम में हुई बैठक में जहां संगठन के विस्तार पर चर्चा हुई वहीं सनातन संस्कृति की सुरक्षा के लिए ब्राह्मणों को कर्तव्यबोध कराया गया।बैठक में ब्राह्मणों ने एकजुटता पर जोर देते हुए समाज में आ रही गिरावट को चिंताजनक बताते हुए प्राचीन काल से चली आ रही परम्परा को अक्षुण बनाये रखने के लिए रचनात्मक भूमिका अदा करने की जरूरत बतायी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार संजय पांडेय पुष्पेंद्र ने कहा कि एकजुटता ही संगठन की रीढ होती है, लिहाजा ब्राहमण एकजुट होकर सर्वसमाज के हितों के लिए कार्य करने की सोच रखें। संस्थान के संस्थापक डा परशुराम क्रोधी ने गरीब कन्याओं के विवाह के लिए संगठन के सदस्यों से बढ चढकर मदद करने की अपील की।शिक्षक जयप्रकाश सरस व साहित्यकार अखिलेश मिश्र ने शिखा, जनेऊ और चंदन को ब्राह्मणों की ताकत ठहराते हुए कहा कि सृष्टि की रचना के समय से ब्राह्मणों ने सदैव कल्याणकारी भूमिका निभाई है और आगे भी इस पर अडिग रहने की जरुरत है। बैठक में सर्वसम्मति से देवमणि पांडेय इंटर कालेज के प्रबंधक अजीत मिश्र को संगठन का प्रदेश अध्यक्ष तथा अखिलेश मिश्र को राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया गया। इसी कड़ी में हरिश्चन्द्र पांडेय को संरक्षक तथा संजय पांडेय को संगठन के मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। विशेषरगंज के पवन पांडेय को अमेठी जनपद के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी ।संचालन कवि पवन प्रखर ने किया। इस मौके पर बेनीमाधव मिश्र, रमाकांत मिश्र, राजकुमार तिवारी, संतकुमार शुक्ल, शम्भूनाथ मिश्र, विकास मिश्र, वेदप्रकाश तिवारी, डा धर्मेन्द्र द्विवेदी, राघवेन्द्र मिश्र, रवीन्द्रनाथ तिवारी, अजीत तिवारी आदि मौजूद रहे।



अखिल भारतीय ब्राह्मण परिवार सेवा संस्थान की बेठक में शामिल लोग

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल हालत गंभीर

**प्रतापगढ़।** रानीगंज थाना क्षेत्र के बसहा गांव निवासी मुकेश सरोज 30 वर्ष शनिवार की शाम ढकवा रिश्तेदारी गया था। देर शाम वह रिश्तेदारी से बाइक से घर वापस आ रहा था । अभी वह पट्टी रानीगंज रोड पर पूरे धना गांव के जंगल के पास पहुंचा था कि सामने से जा रहे तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही परिजन आनन-फानन में मौके पर पहुंचे और मुकेश को स्थानीय डॉक्टर के पास ले भागे। जहां पर मुकेश की हालत गंभीर देख कर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां पर मुकेश की हालत गंभीर बताई जाती है। वहीं पर टक्कर मारने के बाद चार पहिया वाहन चालक मौका पाकर वाहन लेकर फरार हो गया।

## नारद मोह की लीला ने लोगों का मोहा मन

**करारी कौशाम्बी।** कस्बे की बारह दिवसीय ऐतिहासिक रामलीला का मंचन शनिवार से प्रारम्भ हो गया है! वर्षो पुरानी रामलीला के मंचन पर इस वर्ष संशय की स्थिति बनी थी, कमेटी के लोगों ने शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देश का पालन करते हुए लीला प्रारंभ कराई। कमेटी के पदाधिकारियों ने रामलीला मंचन शुरू करने से पहले भगवान श्री गणेश जी का पूजा वंदना किया! तद उपरांत नारद मोह लीला का मंचन प्रारंभ कराया।

करारी नगर की ऐतिहासिक रामलीला का मंचन 1729 ई. मे बुंदेला सरदार छत्रसाल के बेटे हृदयनारायण ने शुरू कराया था। उस वक्त मुगलों से संघर्ष के दौरान बुंदेले कौशाम्बी आये थे और यहाँ नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से हिन्दुओं को एकजुट करने का काम करते थे। तभी से रामलीला का मंचन अनवरत जारी हैं। नारद मुनि स्वयंवर में जाने के लिए भगवान विष्णु से और सुंदर बनाने के लिए कहते हैं। भगवान विष्णु नारद मुनि का चेहरा वानर के रूप में बना देते हैं। जब नारद मुनि स्वयंवर में जाते हैं तो उन्हें देखकर लोग हंसते हैं। यह नजारा देख नारद जी को क्रोध आ जाता है। वह विष्णु भगवान को श्राप देते हैं कि उन्हें वियोग में जंगल-जंगल भटकना पड़ेगा और जो रूप आपने वानर के रूप में मेरा बनाया है, वही वानर सेना उनकी सहायता करेगी। इसी के साथ प्रथम दिन की रामलीला समाप्त हुई ! रामलीला प्रांगण मे सुरक्षा के दृष्टि से करारी पुलिस के जवान डटे रहे !कमेटी के अध्यक्ष संजय जायसवाल ने बताया की कोरोना वायरस को देखते हुए द्दस्ट प्रांगण मे सेनेटाईजर की व्यवस्था किया गया और लगातार लाउड स्पीकर के माध्यम से लोगों को मास्क का उपयोग करने के लिए अपील किया जा रहा है !इस मौके पर रामलीला के ट्रस्टी पंडित रमेश चंद्र शर्मा, अध्यक्ष संजय जाय सवाल, ज्ञानू शर्मा, बच्चा कुशवाहा, रामकेश कुशवाहा, ओम प्रकाश अग्रहरि सहित सैकड़ो की संख्या मे दर्शक मौजूद थे।



नारद मोह की लीला करते रामलीला मंच के कलाकार

## प्रतियोगिता में सम्मानित हुए मेधावी

**प्रतापगढ़।** आई. सी. एल.आई. कम्प्यूटर कटरा मेंदनीगंज द्वारा आयोजित वार्षिक प्रतियोगिता के आयोजन मे सोनी साफ्ट कम्प्यूटर सेन्टर इस्माइल गंज प्रयागराज के सेन्टर संचालक दिलीप कुमार सोनी को मिला बेस्ट सेन्टर २०२० का एवार्ड सेन्टर के बच्चों ने अपने होनहार शिक्षक को माला पहनाकर तालियो के साथ स्वागत व सम्मान किया । दिलीप सर ने कोराना काल की इस भयानक स्थित मे अपने दमखम के साथ संयम और साहस का परिचय देते हुए अपने बच्चो को कुशल प्रशिक्षण द्वारा अपने बच्चो को कम्प्यूटर ज्ञान देकर बच्चो को प्रशिक्षत किया जिसमे आकाश, अमन, शुभम, सत्यप्रकाश, कमलेश, शिवम, राधिका, उषा, साक्षी दीक्षा, शिवानी, नीलाजली, भावना, नैनशी इत्यादि छात्र छात्र एं उपस्थित रही सेन्टर के केन्द्र संस्थापक ए० के० शर्मा ने शील्ड और प्रशसीस्त पत्र देकर माला पहना कर सम्मान किया और सभी बच्चो के उज्जवल भविष्य के साथ आगे बढ़ते रहने की कामना की कार्यक्रम का समापन एंव अतिथियों का स्वागत अर्पित शर्मा ने किया।

## आरोप मौत का, शांतिभंग में पुलिस ने कर दिया चालान

**कड़ा कौशांबी।** कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के ताज मल्लाहन गांव के एक चिकित्सक पर इलाज के दौरान मरीज की जान लेने का आरोप है मामले में कड़ा धाम कोतवाली पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज कर लिया है डॉ सुरेंद्र कुमार के इलाज के दौरान दुबाना गांव के अंकित कुमार की मौत हो गई थी डॉक्टर के पास चिकित्सकीय इलाज की कोई डिग्री नहीं है और मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में उसका क्लीनिक रजिस्टर्ड भी नहीं है यह मुकदमा अपराध संख्या 287 सन 2020 पर थाना पुलिस ने दर्ज कर लिया है। मृतक के परिजन कई बार पुलिस अधिकारियों से मिलकर मौत के सौदागर चिकित्सक की गिरफ्तारी की मांग भीं कर चुके है जिस पर पुलिस अधिकारियों ने थाना पुलिस को आरोपी चिकित्सक की गिरफ्तारी का निर्देश दिया लेकिन आला अधिकारियों के निर्देश के बाद भी थाना पुलिस ने अपनी मनमानी करनी नहीं बन्द की और मौत के आरोपी चिकित्सक को शांति भंग की धारा में उप जिला अधिकारी के यहां चालान कर दिया है कड़ा धाम कोतवाली पुलिस का यह कारनामा जांच का विषय है और आरोपी चिकित्सक की गिरफ्तारी